दिन–शुक्रवार दिनांक– 06/11/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

राष्ट्रव्यापी 'विकसित भारत युवा संवाद – अपना वोट जानें' अभियान आज संपन्न हो गया। अभियान के तहत देशभर में 536 युवा संवादों का आयोजन हुआ और इसमें एक लाख से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया। युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा 'मेरा युवा भारत' के माध्यम से आयोजित इस अभियान के माध्यम से देश भर के कॉलेजों और शिक्षण संस्थानों में चुनावी जागरूकता पर चर्चाएं आयोजित की गई। मंत्रालय ने कहा कि इस अभियान में राज्यपालों, केंद्रीय मंत्रियों, राज्य मंत्रियों, संसद सदस्यों और अन्य जन प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मंत्रालय ने कहा कि खेल जगत की हस्तियों और युवा हस्तियों ने भी कार्यक्रमों में भाग लिया, अपने अनुभव साझा किए और युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

————————————————————

पांच दिवसीय दीपोत्सव आज से शुरू हो गया है। इसके तहत आज धनतेरस का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। धनतेरस को धन त्रयोदशी और धनवंतरी जयंती के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन भगवान धन्वंतरी की पूजा अर्चना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि आज ही के दिन समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरी अपने हाथ में अमृत कलश लेकर प्रकट हुये थे। इस दिन सोने–चांदी के आभूषण और बर्तन खरीदने का प्रचलन है। धनतेरस को लेकर राजधानी पटना सहित प्रदेशभर के बाजारों में सुबह से ही विशेष रौनक देखी जा रही है। आभूषण की दुकानों, गाड़ियों के शोरूम और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा बर्त्तन की दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोगों को धनतेरस की शुभकामनाएं दी हैं।

————————————————————

राज्य सरकार ने दीपावली और छठ पूजा को देखते हुए स्वास्थ्यकर्मियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी है। स्वास्थ्य विभाग ने छह से सत्रह नवंबर तक चिकित्सकों, नर्सिंग कर्मियों, पारामेडिकल और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के अवकाश स्वीकृत नहीं करने का निर्देश दिया है। इसमें संविदा पर कार्यरत कर्मी भी शामिल हैं। पत्र में कहा गया है कि इस अवधि के दौरान विशेष परिस्थितियों में ही छुट्टी स्वीकृत की जायेगी।

———————————————————

प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ पुलिस की दो अलग–अलग कार्रवाई में तीन अपराधी मारे गए, जबकि एक अपराधी को गोली लगी है। पटना के मनेर में पुलिस के साथ मुठभेड़ में तीन अपराधियों की मौत हो गई। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा ने बताया कि मनेर के शेरपुर इलाके में वारदात की योजना बना रहे अपराधियों और एसटीएफ तथा जिला पुलिस की टीम के बीच मुठभेड़ हुई। दोनों ओर से हुई गोलीबारी में तीन अपराधी घायल हो गए। अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दौरान मनेर थानाध्यक्ष भी गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। घटनास्थल से हथियार भी बरामद किए गए हैं। तीनों अपराधी मनेर में पिछले दिनों हुई हत्या के एक मामले में वांछित थे।

———————————————————

वहीं, भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में सारंगपुर मोड़ के पास पुलिस मुठभेड़ में राम कुमार सिंह हत्याकांड का मुख्य शूटर पवन यादव घायल हो गया। उसके दाहिने पैर में गोली लगी है। उसे आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी के बाद हथियार बरामदगी के लिए ले जाने के दौरान पवन यादव ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने गोली चलाई। गौरतलब है कि पिछले दिनों सेवानिवृत्त कस्टम अधिकारी राम कुमार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में अब तक छह आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

———————————————————

शेखपुरा के जिलाधिकारी शेखर आनंद, पुलिस अधीक्षक हिमांशु और अनुमंडल पदाधिकारी प्रियंका कुमारी ने आज सुबह मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री बरामद होने की सूचना नहीं है।

बक्सर जिले के धनसोई थाना क्षेत्र के खेमपुर गांव में आज सुबह रसोई गैस के रिसाव से हुए विस्फोट में पिता–पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना में एक मकान की दीवार भी ढह गई।

————————————————————

समापन